पहल. जिले के 2162 मतदान केंद्रों पर चलेगा अभियान

15 जनवरी तक मतदाता सूची में जुड़ेंगे नये वोटरों के नाम

संवाददाता ▷ आरा

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में जिले में 15 जनवरी तक मतदाता सूची में नये वोटरों का नाम जोड़ा जायेगा. इसको लेकर जिले के 2162 मतदान केंद्रों पर अभियान चलाया जायेगा. इस दौरान जिले के 18 वर्ष आयु पूरा करनेवाले युवक-युवतियों का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जायेगा. इसको लेकर युवकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करना पड़ेगा. मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए युवक-युवतियों को फॉर्म छह भरकर अपने मतदान केंद्र से संबंधित बीएलओ को देना पड़ेगा. वहीं, मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर फॉर्म सात तथा मतदाता सूची में नाम सुधारने के लिए फॉर्म आठ भर कर देना

होगा. जबकि किसी मतदाता को अपना मतदान केंद्र बदलने के लिए उसे फॉर्म आठ ए भरना होगा. ये सभी आयोग के फॉर्म बीएलओ के पास उपलब्ध रहेंगे. विदित हो कि इस अभियान की सफलता को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय पिछले 16 दिसंबर से अभियान शुरू की है. भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार जिले के वैसे युवक व युवतियां जिनकी उम्र एक जनवरी, 2020 को 18 वर्ष पूरी हो रही हो. वैसे युवक-युवतियां अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं. उल्लेखनीय है कि अभियान के दौरान कोई भी भारत का नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए 15 जनवरी तक निर्धारित फॉर्म में आवेदन जमा कर सकते हैं, जिसका 27 जनवरी तक बीएलओ द्वारा जांचोपरांत निबटारा किया जायेगा. वहीं, आठ फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा.

मतदाता सूची सत्यापन के दौरान 27 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम हुए विलोपित

जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में चलाये जा रहे मतदाता सूची सत्यापन कार्य के दौरान करीब 27 हजार 201 मतदाताओं का नाम विभिन्न कारणों से मतदाता सूची से हटाया गया है. मतदाता सूची से हटाये गये मतदाताओं के नामों में सबसे अधिक दोहरी प्रवृष्टिवाले मतदाता शामिल हैं. वहीं, दो स्थानों पर मतदाता सूची में नामवाले फर्जी मतदाताओं का नाम भी सत्यापन के बाद मतदाता सूची से हटाया गया है. जिसमें मृत मतदाता भी शामिल हैं.

जिले के मतदाताओं की संख्या एक नजर में : भोजपुर जिले में सत्यापन के बाद कुल मतदाताओं की संख्या 2043323 हो गया है. इनमें पुरुष मतदाता 1117878 तथा महिला मतदाता की संख्या 925256 शामिल हैं. भोजपुर जिले में कुल सात विधानसभा क्षेत्र है, जिसमें संदेश विधानसभा क्षेत्र में 289 मतदान केंद्र, जगदीशपुर में 324 मतदान केंद्र, बड़हरा में 214 मतदान केंद्र, शाहपुर में 300 मतदान केंद्र, तरारी में 320 मतदान केंद्र तथा आरा विधानसभा में 339 मतदान केंद्र हैं.

प्रभात खबर
Fri, 20 December 2019
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/47063307